# राम शरण | By Vivek Sharma Jitu |

रावण से बोले हनुमाना
है राम नाम ही बलवाना
मेरी बात मान ले रावण
तू भी राम शरण में आ जाना

राम शरण में जाना है तो
पूँछ पकड़ ले रे
ओ राजा, ओ राजा, ओ राजा
रावण तेरी मूँछ्या थोड़ी
नीची कर ले रे

रावण से बोले हनुमाना
है राम नाम ही बलवाना
मेरी बात मान ले रावण
तू भी राम शरण में आ जाना

राजा होकर चोरी कीनी
इज्जत कर दी खाक
अरे भूल गयो कि तेरे बहन की
लक्ष्मण काटी नाक
थोड़ा दिन की बात है रावण
खूब अकड़ ले रे
ओ राजा, ओ राजा, ओ राजा
रावण तेरी मूँछ्या थोड़ी
नीची कर ले रे

सीता माता ने हर ल्यायो
करके धोखाबाजी
बाली से तो लुकतो डोले
कठे गई रंगबाजी
बच ना सकेगो रावण
जितना पाँव पटक ले रे
ओ राजा, ओ राजा, ओ राजा
रावण तेरी मूँछ्या थोड़ी
नीची कर ले रे

बनवारी कुछ साधु मार्या
हुइयो बड़ा बलवान
रिश्तेदारां से मिले बस
कुछ दिन को मेहमान
रावण क्यों बेमौत मरे
मेरी बात समझ ले रे
ओ राजा, ओ राजा, ओ राजा
रावण तेरी मूँछ्या थोड़ी
नीची कर ले रे

शरणागत आजा राम प्रभु की

बात मेरी मानकर
है जगत निहंता रावण तू भी
राम चरण को ध्यान कर
यो डर तो मोह नाशवान है
श्री राम तो पतित पावन है
चरना से दूर क्यों रावण है
तू राम चरण को ध्यान कर

रघुपति राघव राजा राम
पतित पावन सीता राम
सीता राम, सीता राम
भज ले रावण सीता राम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-by-vivek-sharma-jitu/